दिन– शनिवार | दिनांक– 05 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अब भी गम्भीर। कोसी बराह, वीरपुर बराज और वाल्मीकिनगर बराज से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा और कोसी नदी में एक बार फिर दबाव बढ़ा।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त जारी करेंगे। देशभर के लगभग नौ करोड़ से अधिक किसान होंगे लाभान्वित।

03. उच्चतम न्यायालय ने जल संसाधन विभाग के तहत कनीय अभियंताओं की नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने के बिहार सरकार के फैसले को अनुचित करार दिया।

04. और, राजगीर में ग्यारह नवम्बर से होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप से पहले प्रदेश के सभी जिलों में होगा ट्रॉफी टूर का आयोजन।

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सीतामढ़ी और दरभंगा में बागमती तथा अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की जा रही है। सीतामढ़ी जिले में बागमती नदी सोनाखान और कटौझा में खतरे के निशान से ऊपर है। इधर, लखनदेई नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पानी फैल रहा है। शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी के दोनों किनारों पर फिर से कटाव शुरू हो गया है।

–––बाईट–––

कटाव से जमीनें नदी की धारा में विलीन होती जा रही है। साथ ही तरियानी प्रखंड के जगदीशपुर कोटिया के पास तटबंध के पास कटाव का दबाव काफी बढ़ गया है। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों की परेशानियां अभी भी कायम है। बाढ़ के पानी में खाद्यान्न सहित अन्य सामग्री भीग जाने से लोगों की समस्याएं बढ़ गई है। कुछ क्षेत्रों में लोग अभी भी ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

इधर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, खगड़िया और मुजफ्फरपुर जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। वहीं, कोसी बराह क्षेत्र से एक लाख निन्यानवे हजार से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वीरपुर बराज और वाल्मीकिनगर बराज से भी पानी छोड़ा गया है। इधर, भागलपुर में गंगा और कोसी नदी के बढ़ते दबाव के कारण जल संसाधन विभाग ने भागलपुर में अभियंताओं को अलर्ट मोड में रहने को कहा है। इस बीच, गंडक नदी पर बना सारण मुख्य बांध हेजलपुर गांव के पास लगभग आठ

फीट धंस गया है। इधर, मुंगेर के हवेली खड़गपुर–तारपुर मार्ग के पास गुहिया नदी पर बने पुल का ऊपरी हिस्सा नदी तेज बहाव के कारण लगभग एक फीट धंस गया है।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के तेरह जिलों के चार लाख उनतालीस हजार परिवारों के बैंक खातों में कुल तीन सौ सात करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। प्रति परिवार सात हजार रूपये का भुगतान किया गया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने दूसरे चरण में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को भी सात–सात हजार रूपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। यह राशि नौ अक्टूबर को डीबीटी के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों के बैंक खाते में भेज दी जायेगी। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बताया कि लगभग अड़तालीस हजार बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच सहायता राशि भेजी जायेगी।

———बाईट———

—————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय परिसंचरण के क्षेत्रों के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

—————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त जारी करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देशभर के लगभग नौ करोड़ चालीस लाख से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी।

—————————————————————————

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार भारत को नशामुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता का पांच हजार छह सौ करोड़ रूपये के मादक पदार्थों की जब्ती में नाम आना बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और नवाचार की ओर ले जा रही है, जबकि कांग्रेस उन्हें नशे की अंधेरी दुनिया में धकेलना चाहती है।

—————————————————————————

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे का किसी भी हालत में निजीकरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल रेल के निजीकरण के बारे में अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र में अनुसंधान, सुरक्षा और मानव संसाधन पर केन्द्रित बहुत निवेश किया है। श्री वैष्णव ने रेलवे प्रोटक्शन फोर्स–आरपीएफ के चालीसवें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि बल में महिला जवानों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

——————————————————————————

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि केन्द्र सरकार मुस्लिम समुदाय में वंचित तबकों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र में लाकर उनके हितों को सुनिश्चित किया जायेगा और संयुक्त संसदीय समिति की सभी सिफारिशों पर विचार किया जाएगा।

——————————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने राज्य में जल संसाधन विभाग के तहत छह हजार से अधिक कनीय अभियंताओं की नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने के बिहार सरकार के फैसले को अनुचित करार दिया है। न्यायमूर्ति बेला.एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र वर्मा की पीठ ने कहा कि सारी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद चयन प्रक्रिया को रद्द करना अस्वीकार्य है। न्यायालय ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग को पटना उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नई सूची के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष दो हजार उन्नीस में शुरू की गई थी।

——————————————————————————

जदयू प्रदेश कार्यकारिणी की आज पटना स्थित पार्टी प्रदेश मुख्यालय में बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर चर्चा होने की सम्भावना है।

——————————————————————————

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

प्रदेश में दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों में स्वच्छता से संबंधित बैनर–पोस्टर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने राज्य के सभी नगर निकायों को इस आदेश के पालन के निर्देश दिये हैं। श्री नवीन ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत बेहतर स्वच्छता मापदंड अपनाने वाली पूजा समितियों और पंडालों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके लिए छह लाख रूपये से अधिक की राशि जारी की गयी है।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में नौ अक्टूबर को स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। उद्योग विभाग को इसके लिए नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण और अनुदान का वितरण किया जायेगा। इसके बाद पांच नवम्बर और तीन दिसम्बर को भी ऋण शिविर लगाये जायेंगे।

———————————————————————————

राज्य में डेंगू पीड़ित मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक सौ चौवालीस नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। पटना से छियासी नए मरीजों की पहचान हुयी है। वहीं, औरंगाबाद में नौ, गया में छह, नालंदा में पांच, मुजफ्फरपुर में चार, सीवान, मधुबनी, सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण जिले में तीन–तीन नये मरीजों की पुष्टि हुई। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना जिले में चिकनगुनिया के भी दो नये मरीजों की पहचान हुई है।

———————————————————————————

नालंदा के राजगीर में ग्यारह से बीस नवम्बर तक होने वाली महिला ऐशियाई हॉकी चैंपियनशिप के पहले प्रदेश के सभी जिलों में ट्रॉफी टूर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पटना में इस चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बताया कि ब्रांड बिहार कार्यक्रम का थीम लोगो, थीम गीत जल्द रिलीज होगी।

प्रदेश में पच्चीस खेलों के लिए एक सौ तीन कोच बहाल किये जायेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने इसके लिए चौदह नवम्बर तक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगा है।

———————————————————————————

महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के एक मुकावले में न्यूजीलैंड ने भारत को अंठावन रनों से हरा दिया। दुबई में कल शाम खेले गये इस मैच में पहले बल्लेबाजी

करते हुये न्यूजीलैंड की टीम ने बीस ओवर में चार विकेट पर एक सौ साठ रन बनाए। एक सौ इकसठ  रनों के लक्ष्य के जवाब में भारत की टीम एक सौ दो रन ही बना सकी।

———————————————————————

कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जैतपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में शॉट सर्किट के कारण अगलगी की घटना में कम्प्यूटर, लैपटाप समेत बीस लाख रूपये से अधिक के समान जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————

पटना नगर निगम और जीविका की ओर से मिशन टोटल सेग्रीगेशन के तहत एएन कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस में नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर, ड्राइवर, हेल्पर मोबिलाइजर और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई।

———————————————————————

मधुबनी शहर में चालीस करोड़ रूपये की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए पथ निर्माण विभाग की ओर से प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– स्मार्ट मीटर में पैसा खत्म होने पर भी सात दिनों तक नहीं कटेगी बिजली। सॉफ्टवेयर को किया जा रहा है अपडेट।

दैनिक भास्कर ने बिजली दर से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– उपभोक्ताओं को दिन में सस्ती, शाम में महंगी बिजली मिलेगी।

दैनिक जागरण लिखता है– एससी–एसटी के आरक्षण में आरक्षण पर फिर सुप्रीम मुहर। उपवर्गीकरण के फैसले के विरूद्ध पुनर्विचार याचिका खारिज।

प्रभात खबर ने लिखा है– रेलवे की अनोखी पहल, फेस्टिवल सीजन में रेलवे स्टेशन से रात में लोगों को घरों तक छोड़ेगी पुलिस। डायल एक सौ बारह से पुलिस की ले सकते हैं मदद।

आज अखबार की सुर्खी है– सूबे के प्राईमरी–मिडिल स्कूलों में एकेडमिक कैलेंडर से होगी पढ़ाई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अब भी गम्भीर। कोसी बराह, वीरपुर बराज और वाल्मीकिनगर बराज से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा और कोसी नदी में एक बार फिर दबाव बढ़ा।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त जारी करेंगे। देशभर के लगभग नौ करोड़ से अधिक किसान होंगे लाभान्वित।

03. उच्चतम न्यायालय ने जल संसाधन विभाग के तहत कनीय अभियंताओं की नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने के बिहार सरकार के फैसले को अनुचित करार दिया।

04. और, राजगीर में ग्यारह नवम्बर से होने वाली महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप से पहले प्रदेश के सभी जिलों में होगा ट्रॉफी टूर का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।